>

Title: Need to ensure toilet facilities and their regular cleanliness at petrol pumps across the country-laid.

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट (पुणे): केन्द्र सरकार द्वारा नियंत्रित पैट्रोल पम्प भारत सरकार द्वारा प्रत्येक शहर/गांव में हिन्दुस्तान पैट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम के नाम से प्रसिद्ध हैं । इन पैट्रोल पम्पों के माध्यम से पैट्रोल-डीजल वितरित किया जाता है । पैट्रोल पम्पों पर शौचालय आवश्यक हैं । हालांकि कुछ पैट्रोल पम्प मालिकों ने शौचालयों का निर्माण नहीं करवाया है और जिन लोगों ने शौचालयों का निर्माण करवाया है, वे उनका रखरखाव नहीं कर रहे हैं । सेनेटरी इंस्पेक्टर को नियुक्त किया जाना चाहिए और उन्हें समय-समय पर सरकार को निरीक्षण रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए । इस उद्देश्य के लिए नियमन होना चाहिए । यदि पहले से ही नियम बनाए गए हैं, तो उन पर सख्ती से पालन किया जाना चाहिए और पैट्रोल पम्प के मालिक को दंडित किया जाना चाहिए क्योंकि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने सबसे पहले स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम चलाया उसका असर भी देखा गया ।

मैं माननीय पैट्रोलियम मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि देश के सभी पैट्रोल पम्पों के शौचालयों की साफ सफाई के निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए ।